डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031

पत्रांक संख्या: ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2023 / 18557 दिनांकः 18-3-23

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य,
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः संस्थान में नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के सत्र 2022–23 हेतु नामांकन आवेदनों की मूल प्रति से सत्यापन कराकर हार्ड कापी जमा कराने के संबंध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि सम्बद्ध संस्थान में सत्र 2022–23 हेतु नव प्रवेशित छात्र–छात्राओं के नामांकन आवेदन फार्म जोकि संस्थान की लॉग–इन के माध्यम से विश्वविद्यालय की ई0आर0पी0 पोर्टल पर प्रस्तुत किये गये है। तद्क्रम में नामांकन आवेदन फार्मों की हार्ड कापी **(संलग्नकों सहित एवं संस्थान के निदेशक द्वारा सत्यापित)** की मूल प्रति का सत्यापन आन लाइन माध्यम से दिनांक 20.03.2022 से दिनांक 15.04.2023 तक कराया जाना है। सत्यापन हेतु दो केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। विश्वविद्यालय के नोएडा परिसर (**उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, सेक्टर–62, नोएडा**) में जनपद अलीगढ़, हाथरस, मथुरा, बागपत, बुलन्दशहर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, मुजफ्फरनगर एवं गौतम बुद्ध नगर तथा आगरा के संस्थानों का सत्यापन तालिका में अंकित तिथि के अनुसार तथा शेष समस्त जनपदों के सत्यापन हेतु ए0के0टी0यू0, लखनऊ परिसर में निर्धारित तालिकानुसार किया जायेगा।

तालिका

क.सं.	संस्था कोड	निर्धारित तिथि
1.	संस्था कोड–001 से 054 तक	20–03–2023
2.	संस्था कोड–056 से 112 तक	21–03–2023
3.	संस्था कोड–113 से 165 तक	22–03–2023
4.	संस्था कोड–166 से 215 तक	23–03–2023
5.	संस्था कोड–216 से 267 तक	24–03–2023
6.	संस्था कोड–269 से 330 तक	25–03–2023
7.	संस्था कोड–331 से 390 तक	27–03–2023
8.	संस्था कोड–391 से 453 तक	28–03–2023
9.	संस्था कोड–455 से 510 तक	29–03–2023
10.	संस्था कोड–511 से 572 तक	31–03–2023
11.	संस्था कोड–575 से 640 तक	01–04–2023
12.	संस्था कोड–641 से 705 तक	03–04–2023
13.	संस्था कोड–706 से 755 तक	05–04–2023
14.	संस्था कोड–756 से 821 तक	06–04–2023

15.	संस्था कोड–822 से 855 तक	08–04–2023
16.	संस्था कोड–856 से 895 तक	10–04–2023
17.	संस्था कोड–896 से 948 तक	11–04–2023
18.	संस्था कोड–949 से 998 तक	12–04–2023
19.	संस्था कोड–1000 से 1083 तक	13–04–2023
20.	संस्था कोड–1084 से अन्त तक	15–04–2023

उक्त के सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन फार्मों के जाँचोपरान्त या उसके पश्चात यदि किसी संस्था में किसी छात्र के नामांकन फार्म में किसी प्रकार का फर्जी प्रमाण पत्र व फर्जी विश्वविद्यालय/बोर्ड पाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संस्थान के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने की भी बाध्यता होगी।

संस्थान के निदेशक/प्राचार्य से अनुरोध है कि उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथियों पर मूल प्रमाण पत्र–हाई स्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक की अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र एवं मूल प्रवजन (Migration/Transfer Certificate) प्रमाण पत्र का सत्यापन कराया जाना सुनिश्चित करें। नामांकन फार्म के सत्यापन के उपरान्त **(निर्धारित तिथि के चार दिन के अन्दर)** इस आशय के शपथ पत्र भी (संस्थान के निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित) नामांकन फार्म जमा करते समय दिया जाना अपेक्षित है कि संलग्न अंकतालिका/प्रमाण पत्र जो नामांकन फार्म के साथ संस्थान द्वारा सत्यापित कर जमा किये जा रहे हैं वह सही है, और यदि इनमें किसी प्रकार की त्रृटि पायी जाती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्थान का होगा, के साथ जमा कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

18/03/23

(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. निदेशक, सेन्टर फार एडवांस्ड स्टडीज, लखनऊ।
4. निदेशक, उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट आफ डिजाइन, नोएडा।
5. उप कुलसचिव, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

18/03/23

(सचिन कुमार सिंह)
कुलसचिव